## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की कमी के चलते मरीजों को नही मिल पा रहा उपचार

# सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था के हाल, एक डॉक्टर के भरोसे 81 गाँवों की आबादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद




लाखों करोड़ों रूपए खर्च कर सरकारी अस्पताल भवनों का निर्माण एवं संसाधन तो सरकार द्वारा मुहैया कराया जाता है लेकिन उसके संचालन के लिए ध्यान नहीं दिया जाता है। सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों का हाल इस कदर बेहाल है कि यहां मरीजों को इलाज के नाम पर सिर्फ भटकाव ही मिलता है क्योंकि अस्पतालों में न तो स्वीकृत पदों में डाक्टरों की पदस्थापना कराई जा रही है न ही स्टाफ की। जिला अस्पताल से लेकर सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में भी स्टाफ की भारी कमी हैं। कुछ इसी तरह के हाल स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी बने हुए हैं। सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से उन्नयन कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तो कर दिया गया लेकिन क्षेत्र के लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैसी सुविधाये नही मिल रही है। सुविधाओं के अभाव मे मरीजों को समुचित उपचार नही मिल पा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद महज शोपीस बन कर रह गया है।

स्लीमनाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य का उन्नयन करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया। 28 जनवरी 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद का लोकार्पण सांसद वीडी शर्मा ने किया था। वर्तमान मे स्लीमनाबाद तहसील अंतर्गत 81 गांव है। लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी से 81 गाँवो के ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ नही मिल रहा है जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शोभा की सुपारी बनकर रह गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक ही डॉक्टर है जिससे उनका अधिकांश समय बैठकों, सरकारी जानकारियां भेजने और अन्य दूसरे कामों में चला जाता है जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हैं। गरीब व मध्यम तबके के मरीजों को मजबूरन अपना इलाज झोलाछाप डॉक्टरो से कराना पड़ता है। जानकारी के बाद भी अधिकारी और प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से भगवान भरोसे ही चल रही है। लोगों को अस्पताल में डॉक्टर तो मिलते नहीं हैं। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों को भगवान भरोसे छोड़ दिया है।

### डॉक्टरों सहित स्टाफ के पद पड़े खाली

जानकारी के तहत स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 3 पद डॉक्टर, 3 पद विशेषज्ञ, वार्ड वाय के 3 पद है जिनमे से ये सभी पद रिक्त है जिससे स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित है। वही लैब टेक्नीशियन व लैब अटेंडेंट का 1-1 पद,फार्मासिस्ट का 1 पद, एएनएम, स्वीपर, चौकीदार के पद खाली है। इन पदों की पूर्ति के लिए विभागीय अधिकारी कोई ध्यान नही दे रहे है जबकि लोकार्पण हुए 16 माह हो गए हैं। हालांकि विभाग की ओर से हाल ही में चार बांडेड डॉक्टरों की पदस्थापना के आदेश जारी किये गये थे, लेकिन 15 दिवस का समय बीतने को है अब बांडेड डॉक्टरों ने अपनी आमद स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मै नहीं दी है जिससे स्वास्थ्य विभाग का आदेश महज खानापूर्ति बनकर रह गया है।

इस संबंध में स्लीमनाबाद चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे का कहना था कि स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं डॉक्टरों सहित स्वास्थ्य अमले की कमी है।रिक्त पड़े पदों की पूर्ति के लिए विभागीय अधिकारियों को जानकारी दी गई है।जिस कारण जो स्वास्थ्य अमला है उसी से स्वास्थ्य सुविधाओं को मुहैया कराया जा रहा है।

### इनका कहना है

बीएमओ बहोरीबंद डॉ आनंद अहिरवार का कहना है कि स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे चिकित्सकीय स्टॉफ की कमी है यह सही है। हाल ही में चार बांडेड डॉक्टरों की पदस्थापना संबंधी आदेश विभाग से हुए है, लेकिन अभी चिकित्सकों ने ज्वॉइन नहीं किया है। उक्त चार डॉक्टर ज्वॉइन कर ले तो स्वास्थ्य सुविधा बेहतर हो जाएगी ओर मरीजों को समुचित उपचार मिल सकेगा।




# जुलूस, नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्ट्रेट कार्यालय और जिला पंचायत परिसर में जुलूस, आम सभा, नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग से कार्यालयीन एवं न्यायालयीन कार्य प्रभावित होने एवं परिशांति भंग होने की संभावना को देखते हुए कलेक्ट्र श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

जारी प्रतिबंधात्मंक आदेश के अनुसार कलेक्टर कार्यालय एवं जिला पंचायत परिसर में 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र, सभा स्थ ल, जुलूस, नारेबाजी आदि पर रोक लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। कोई भी राजनीतिक दल, छात्र संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में प्रतिबंधित रहेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग उक्त परिसर एवं उससे लगे हुए प्रतिबंधित किया गया है।

इसी प्रकार कोई भी राजनैतिक दल, यूनियन छात्र संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में जुलूस, आमसभा या नारेबाजी, ज्ञापन आदि सौंपे जाने से 3 दिन पूर्व उप खण्ड मजिस्ट्रेट, कटनी से विधिवत लिखित में अनुमति प्राप्त करेगाएवंज्ञापन सौंपे जाने हेतु कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार (मेन गेट नं. 1 एवं 2) पर 50 व्यक्ति या संगठन कार्यकर्ता होने पर मुख्य द्वार पर ही अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 50 व्यक्तियों से कम व्यक्ति शांतिपूर्ण ढंग से कानून व्यवस्था बनाये रखते हुए कलेक्टर परिसर के मेन गेट पर अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

इस आदेश का उल्लंघन किए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध भारतीय न्यााय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश 2 माह तक की अवधि के लिए प्रभावशील होगा।

## खबर संक्षेप

### ब्लाक स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में हुआ खिलाड़ियों का चयन

**सिलौंडी।** शासन के निर्देश पर सिलौंडी कन्या हाई स्कूल में ब्लाक स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता बालक बालिका की अंडर 19 हुई जिसमें कछार गांव बड़ा , पान उमरिया ,कन्या स्कूल सिलौंडी की टीमों ने भाग लिया । कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 7 बालिका और 7 बालक को जिला स्तर पर खेलने का अवसर मिलेगा । खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि सिलौंडी उपसरपंच राहुल राय, प्राचार्य विशाल वरकड़े,मंडल उपाध्यक्ष अमित राय,शिक्षक सुभाष बागरी ,अन्नू राय ,जीवन लाल बागरी , अशोक हल्दकार,मंडल मीडिया प्रभारी धीरज जैन सहित छात्र छात्राओं की मौजूदगी रही ।

### ढीमरखेड़ा न्यायालय प्रांगण में न्यायाधीश ने लगाए पौधे

**ढीमरखेड़ा।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के पालन में एवं अध्यक्ष, जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेशानुसार, न्यायालय प्रांगण में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि यह न्यायाधीश पूर्वी तिवारी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ। इस आयोजन में कुल 40 पौधे लगाए गए, जिसमें अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश प्यासी, न्यायिक स्टाफ एवं अन्य सम्माननीय जन उपस्थित रहे। यह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं था, बल्कि समाज को पर्यावरणीय चेतना देने वाला एक प्रेरणादायी उदाहरण भी बना। वर्तमान समय में पर्यावरण संकट, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के ह्रास जैसे गंभीर विषयों पर वैश्विक चिंता है। ऐसे में विधिक संस्थाओं का इस दिशा में सक्रिय भागीदारी करना समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने पर्यावरण संरक्षण को अपने प्रमुख उद्देश्यों में शामिल करते हुए समस्त न्यायालय परिसरों में वृक्षारोपण हेतु दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उसी कड़ी में यह कार्यक्रम ढीमरखेड़ा न्यायालय परिसर में आयोजित किया गया।

### बच्चो ने खेलों में हुनर का किया प्रदर्शन



**स्लीमनाबाद।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत ज्ञान मंगलम स्कूल के बच्चों ने खेल -कूद प्रतियोगितायों बेहतर प्रदर्शन किया है। अंडर 17 खो- खो बालक प्रतियोगिता में नामाधर बड़गैया, आयुष यादव, अपूर्व पांडेय, अंडर 19 प्रतियोगिता मै सौरभ भूमिया बालिकाओं में पलक रजक, संस्कृति जैन ,कृतिका चतुर्वेदी ने विकासखंड प्रतियोगिता मै बाजी मारते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह बनाई वहीं पलक रजक ने जिला स्तर से संभाग स्तर के लिए क्वालीफाई किया और बैडमिंटन में नयन मिश्रा और अध्या मिश्र ने जिले के लिए क्वालीफाई किया। स्पोर्ट टीचर अभिषेक सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में जिला एम संभाग स्टार मै अपनी जगह बनाई स्कूल प्राचार्य सोहनी जैन और डायरेक्टर सौरभ जैन बच्चो उनके उज्वल भविष्य के बधाई दी।

### अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 30 जुलाई को

**कटनी।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा एक छत के नीचे रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बुधवार 30 जुलाई को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय झिंझरी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय रोजगार, स्वझरोजगार एवं अप्रेंटिसिशिप मेला (युवा संगम) का जिला स्तरीय आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी ने बताया गया है यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय आई.टी.आई के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है।

## टीम ने उर्वरक डीलर, रिटेलर एवं विक्रेताओं के यहां किया निरीक्षण

# किसानों को उचित दर पर उर्वरक के साथ बिल देने दी गई सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



खरीफ मौसम में फसलों की बोनी एवं टॉप ड्रेसिंग कार्य के कारण कृषकों द्वारा अनुदानित उर्वरक जैसे यूरिया, डीएपी, कॉप्लेलक्स का निरंतर क्रय किया जा रहा है।

निर्देशों के पालन में एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में तहसीलदार आशीष अग्रवाल, नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह, ऋषि गौतमएवं खगेश भलावी एवं कृषि विभाग के सहायक संचालक अरुणिमा सेन, डॉ. रामनाथ पटेल तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बी के राठौड़ द्वाराकटनी ग्रामीण, कटनी नगर, बडवारा एवं रीठी तहसील में राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों का संयुक्त दल गठन कर उर्वरक डीलर, रिटेलर एवं उर्वरक विक्रेताओं का निरीक्षण किया गया।

संयुक्त जांच दल द्वारा अनुभाग अन्तनर्गत सनत इन्टकरप्राईजेज थोक एवं फुटकर खाद विक्रेता कटनी, श्रीराम बीज भंडार माधवनगर इमलिया, किसान विपणन सहकारी समिति मर्यादित बडवारा, अंकिता खाद बीज भंडारबडवारा, मां शारदा बीज भंडार बडवारा, मेसर्स कमलेश कुमार जैनबड़गांव, राहुल एजेंसी रीठी, जैन एजेंसीरीठी, रजनी खाद बीज भंडार रीठी, शिव शक्ति क़ृषि केंद्र रीठी, पार्श्वनाथ बीज भंडार बिलहरी, ताज बीज भंडार बिलहरी एवं अन्य में किसानों को गुणवत्ता युक्त उर्वरक का शासन द्वारा निर्धारित दर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया है।

निरीक्षण के दौरानसभी विक्रय संस्थानों को स्टॉक एवं विक्रय दरों का प्रदर्शन पीओस मशीन के माध्यम सेकरने, ऊर्वरकों का वितरण,किसानों को बिल प्रदाय करने, पीओस मशीन में ऊर्वरकों की उपलब्धता के अनुसार उर्वरकों का भौतिक सत्यापन करने एवं किसानों को उचित दर पर उर्वरकों का वितरण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## नशा नाश की जड़, इसके सेवन से जीवन हो जाता है बर्बाद



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंधी स्टेशन में शनिवार को' नशे से दूरी है जरूरी 'अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। खेल समन्वयक चेतना झा ने नशा मुक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा नाश की जड़ है,इसके सेवन से जीवन बर्बाद हो जाता है ।आर्थिक स्थिति गड़बड़ा जाती है ।स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है ।इसलिए नशे का सेवन न करें ।नशे से दूरी बनाकर रखें । नशे से न केवल स्वास्थ खराब होता है, बल्कि परिवार और समाज में प्रतिष्ठा भी खराब होती है । धूम्रपान से फेफड़े,शराब से लीवर गुटखे से चल नहीं खुलती एवं कैंसर जैसे बीमारी होती है । नशे से होने वाली आर्थिक ,शारीरिक , मानसिक व सामाजिक नुकसान को विस्तृत रूप से बच्चो के साथ संवाद रखा गया! साथ ही नशे से होने वाली दैनिक जीवन में आने वाली परेशानी को बच्चो से प्रश्नोत्तर के माध्यम से समझा गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया । साथ ही स्कूल में उपस्थित प्रधान अध्यापक , व अध्यापकों ने इस नशा मुक्ति जागरूक अभियान का स्वागत करते हुए शपथ ली कि ₹ न ही मैं नशा करूंगा न ही करने दूंगा, इससे अपने घर , परिवार , कुटुंब, समाज को बचाऊंगा।

# मैराथन दौड़ से नशा मुक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



“नशे से दूरी है ज़रूरी” अभियान के अंतर्गत कटनी पुलिस द्वारा शनिवार की सुबह एक भव्य जनजागरूकता मैराथन का आयोजन किया गया। इस दौड़ का उद्देश्य आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और एक स्वस्थ, स्वच्छ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण की ओर प्रेरित करना रहा। मैराथन का आयोजन पुलिस कंट्रोल रूम, कटनी से सुबह 6:30 बजे किया गया। शुभारंभ पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौरान उन्होंने स्वयं दौड़ में भाग लिया और नशा मुक्ति का सशक्त संदेश जनमानस तक पहुंचाया। मैराथन का मार्ग पुलिस कंट्रोल रूम से शुरू होकर पुराना आरटीओ मोड़, माधवनगर गेट, विश्राम बाबा गेट होते हुए पुनः पुलिस कंट्रोल रूम पर समाप्त हुआ। आयोजन की थीम रही “नशे से दूरी है ज़रूरी दौड़ें स्वस्थ कटनी के लिए।”

जनजागरूकता दौड़ में 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें स्कूली छात्र-छात्राएं, कॉलेज विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट्स, सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं आम नागरिक शामिल थे। प्रतिभागियों ने जगह-जगह प्रेरणादायक नारे लगाए। कार्यक्रम में एसपी अभिनय विश्वकर्मा, डीएफओ गौरव शर्मा, एएएसपी डॉ. संतोष डेहरिया, सीएसपी नेहा पच्चीसिया, परिक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक शिवा, रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत सहित जिले के थाना प्रभारीगण, चौकी प्रभारी एवं खेल विभाग के वरिष्ठ कोच एवं समन्वयक शामिल रहे।

## आज बाधित हो सकता है बंध स्टेशन मार्ग, बनाई गई वैकल्पिक व्यवस्था

# टीवीएम मशीन को निकालने की थी तैयारी, मिट्टी धंसने से क्रेन धंसी, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



बरगी व्यपवर्तन परियोजना के तहत स्लीमनाबाद मे 12 किलोमीटर अंडर ग्राउंड टनल बनाई जा रही है जिसमें अप व डाउन स्ट्रीम की ओर खुदाई कार्य स्लीमनाबाद समीप पहुंच गया है लेकिन डाउन स्ट्रीम की टीवीएम मशीन का कार्य पूर्ण कर दिया गया है। डाऊन स्ट्रीम की टीवीएम मशीन को निकालने स्लीमनाबाद के मोहदापुरा में बड़े आकार का गड्ढा बनाया गया है। टीवीएम मशीन को निकालने अमेरिका से बड़ी -बड़ी क्रेन मशीने आई है जिन्हे टीवीएम मशीन को निकालने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही है!

शनिवार को स्लीमनाबाद में उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब मोहदापुरा में डाऊन स्ट्रीम की टीवीएम मशीन को निकालने क्रेन को गड्ढा में ले जाया जा रहा था, उसी दौरान मिट्टी धंसकना शुरु गईं जिस कारण क्रेन धंसी गईं ओर मशीन का कुछ हिस्सा टूटकर नीचे गड्ढा में चला गया।

गनीमत यह रही है कोई बड़ा हादसा घटित नहीं हुआ। एनवीडीए के एसडीओ रमेश मंडलोई का कहना था कि बारिश के चलते मिट्टी धंसी जिस कारण जिस स्थल पर क्रेन स्थाई रूप से ख़डी थी वहां उसके नीचे की मिट्टी धसकने लगी जिस कारण क्रेन का कुछ हिस्सा धंस गया। अब डाऊन स्ट्रीम की टीवीएम मशीन को निकालने समय लगेगा।

एनवीडीए के एसडीओ रमेश मंडलोई ने बताया कि अप स्ट्रीम की टीवीएम मशीन स्लीमनाबाद तिराहा बंधी मार्ग पर आ गईं है। बंधी मार्ग को पार करने उक्त मार्ग पर आवागमन पर रोक लगाई जाएगी जिससे उक्त स्लीमनाबाद से बंधी व उमरिया पान मार्ग पर आवागमन बंद कर दिया जायेगा। आवागमन के लिए दो जगहों से वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गईं है। दो पहिया वाहन चालक कंचनपुर के बाजू से सीधे कोहका मोड़ पहुंचकर स्लीमनाबाद तिराहा आएंगे ओर चार पहिया वाहन चालक सिहुडी गाँव के आगे इमालिया मोड़ के सामने छपरा मार्ग से होकर नेशनल हाइवे 30 पहुंचेंगे।

## हाईस्कूल करौंदीखुर्द में बच्चों ने रैली निकाली, 5 पौधों का किया रोपण

# सहकार से समृद्धि के तहत किया गया कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




बहु उद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बरही द्वारा सुधास्मृति हाई स्कूल करौंदीखुर्द में अतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025-26 पर सहकार से समृद्धि कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बच्चों द्वारा बरही नगर में रैली निकालकर बिना सहकार नहीं उद्धार एवं सहकारिता का झंडा ऊँचा रहे हमारा, एक दूजे का हाथ बटाओं बन सहकारी साथ निभाओं आदि नारों के साथ निकाली गई। साथ ही उनके हाथ में सहकारिता का झंण्डा भी था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कविता पंकज राय जिला पंचायत सदस्य ढीमरखेडा, सभापति सहकारिता उद्योग समिति एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता राजयश वर्धन कुरील सहायक आयुक्त सहकारिता द्वारा की गई तथा बहु उद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या बरही के प्रागंण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत 5 पेड़ लगाये गये।

इसके बाद सुधास्मृति हाई स्कूल करौंदीखुर्द बरही में अतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025-26 का मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा, अर्चना व वंदना, बच्चों द्वारा स्वागतगीत, एवं सहकारिता गान का गायन किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों के साथ अन्य ग्रामीण जन भी उपस्थित थे। तथा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कविता पकंज राय सभापति सहकारिता उद्योग समिति द्वारा बच्चों को उपहार एवं उनके ऊपर पुष्पवर्षा भी की गई। जिससे बच्चों में उत्साह का माहौल पैदा हो गया। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार मिश्रा अंकेक्षण अधिकारी कटनी द्वारा किया गया एवं समिति प्रबंधक रमाकांत मिश्रा द्वारा स्वागत भाषण देते हुये बरही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का पुष्प हार एवं गुलदस्ता के साथ स्वागत किया।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम के साथ सहकारिता विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया गया। जिसमें बच्चों द्वारा सहकारिता के बारे में तथा सहकारिता के इतिहास, एवं सहकारिता क्या है इसके संबंध में अपने विचार वाद विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से व्यक्त किये गये। जिसमें प्रथम स्थान शशि प्यासी, द्वितीय स्थान अस्सी विश्वकर्मा एवं तृतीय स्थान अश्मि गुप्ता ने प्राप्त किया तथा कार्यक्रम के अन्त में रमाकांन्त मिश्रा समिति प्रबंधक बहु उद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या बरही द्वारा सभी का अभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में सहकारिता विभाग से राजयश वर्धन कुरील सहायक आयुक्त सहकारिता, विजय मिश्रा अंकेक्षण अधिकारी, बैबी नैना मेहरा वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, श्रीमती ज्योति सोनी वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, आयुष गुप्ता सहकारी निरीक्षक, रामचन्द्र मौजूद रहे।



# चार पेटी देशी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

बरही पुलिस ने मोटर साइकिल से अवैध शराब परिवहन करने वालों को पकड़कर उनसे 200 पाव देशी प्लेन मदिरा शराब एवं मोटर साइकिल को जप्त की। थाना प्रभारी बरही शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर ग्राम पडरिया उरदानी तिराहे में दबिश दी। दबिश के दौरान मोटरसाइकिल से अवैध शराब परिवहन करते हुए करण मेहरा पिता कैलाश मेहरा 18 वर्ष एवं साहिल मेहरा पिता सुशील मेहरा दोनों निवासी बरही के कब्जे से एक बोरे में चार पेटी देसी मदिरा प्लेन शराब जिसमें प्रत्येक पेटी में 50 पाव कुल 200 पाव देशी प्लेन शराब कीमती करीबन 20 हजार रुपए की एवं मोटर साइकिल कीमती 50 हजार रुपए की जब्त की गई। आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। कार्यवाही में थाना प्रभारी बरही शैलेंद्र सिंह यादव, एएसआई दिनेश प्रसाद गौतम, आरक्षक सोनू आर्मो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### घुमंतू मवेशियों को पकड़ने की गई कार्यवाही

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुपालन एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में नगर निगम की हांका गेंग के कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को अभियान चलाकर घुमंतू गौवंशों को कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही निरंतर जारी है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि अभियान के तहत गठित दल के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा विगत रात्रि मुख्य मार्गों से 10 आवारा घुमंतू मवेशियों को कांजीहाउस भेजा गया है तथा 32 मवेशियों को रेडियम पट्टी लगाने की कार्यवाही की गई है।वहीं अब तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों मिशन चौक, बरगवां, माधवनगर गेट रिलायन्स पेट्रोल पंप से कलेक्ट्रेट कार्यालय होते हुए मित्तल मॉल, बिलहरी मोड़ से पीरबाबा तक सहित नदीपार स्थित चांडक चौक पेट्रोल पंप के पास रविदास चौराहा से इंडिया होटल, कुठला मुख्य मार्ग एवं नगर के अन्य मार्गो के घुमंतु मवेशियों को हांका लगाकर मुख्य मार्गो से हटाते हुए अब तक 226 गौवंशों एवं नंदी को झिंझरी स्थित कांजी हाउस व अमीरगंज स्थित गोशाला भेजने की कार्यवाही की गई है।3 मवेशी स्वामियों के विरुद्ध एफ.आई.आर भी दर्ज करायी गईं है।

### जिपं की कृषि स्थायी समिति की हुई बैठक

**कटनी।** जिला पंचायत की कृषि स्थायी समिति की बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया जिसमें बैठक की अध्यक्षता रघुराज सिंह सभापति के द्वारा की गई। जिसमें सदस्यगण एवं अनुषांगिक विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के एजेंडा अनुसार पूर्ववर्ती बैठक के पालन प्रतिवेदन में विभागवार सभापति द्वारा कुल प्राप्त लक्ष्य एवं विकासखंडवार लक्ष्यों के विभाजन में चर्चा की गई एवं जनहितैषी योजनओं के बारे में अवगत कराया गया। समिति के संचिव मनीष मिश्रा उपसंचालक कृषि द्वारा विभागीय योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य एवं विकासखंडवार आवंटन के बारे सभापति एवं सदस्यों को अवगत कराया गया। इस दौरान उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विकास डॉ आर के सोनी और उद्यानिकी, मत्स्य विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी रही।

### तेवरी में स्काउट गाइड ने किया पौधारोपण

**कटनी।** भारत स्काउट गाइड भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव एवं जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला कमिश्नर स्काउट श्याम सिंह मरावी के मार्गदर्शन में क्लब प्रोजेक्ट के अंतर्गत एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण एवं जन जागरूकता अभियान के माध्यम से जिला स्तर पर विभिन्न विद्यालयों में वृक्षारोपण संरक्षण एवं जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेवरी के स्काउट गाइड दल द्वारा एक पौधा मां के अभियान के तहत पौधा रोपित किया एवं इस पौधे को संरक्षित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन गाइडर ज्योति नायक द्वारा किया गया।

### 3 आउटसोर्स कर्मचारियों को विद्यालयों में किया संलग्न

**कटनी।** निगमायुक्त नीलेश दुबे नें प्रशासनिक कार्य व्यवस्था की दृष्टि से तीन आउटसोर्स कर्मचारियों को वर्तमान दायित्वों से मुक्त करते हुए आगमी आदेश तक के लिए निगम द्वारा संचालित विद्यालयों में संबंधित प्राचार्य के अधीक्षण एवं नियंत्रण व मार्गदर्शन में शैक्षणिक कार्य करनें हेतु तत्काल प्रभाव से संलग्न किया है। निगमायुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार श्रीमती सोनी को ए रविन्द्रराव उच्चतर माध्यमिक शाला, कुमारी शैफाली गुप्ता को साधूराम उच्चतर माध्यमिक शाला तथा अंजना द्विवेदी को के.सी.एस उच्चतर माध्यमिक शाला में संलग्न करते हुए तत्काल प्रभाव से उपस्थिति देकर नवीन दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करनें के निर्देश दिए है।

## खनन क्षेत्र में निवेश को मिलेगा बढ़ावा, खनिज संपदा के बेहतर उपयोग पर होगा मंथन

# मार्बल उपयोग बढ़ाने एवं चूना उद्योग को प्रोत्साहित करने शासन स्तर पर हो पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले की समृद्ध खनिज संपदा के खनन क्षेत्र में निवेश संवर्धन और आधुनिक तकनीकों को अपनाकर खनिज संसाधनों के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कटनी जिले में अगले माह संभावित माइनिंग कॉन्क्लेव के आयोजन के संबंध मे कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान एसपी अभिनय विश्वकर्मा, डीएफओ गौरव शर्मा, जिपं सीईओ शिशिर गेमावत, एएसपी संतोष डेहेरिया एवं अपर कलेक्टर साधना परस्ते मौजूद रहे।

### उद्योगपतियों से मिले सुझाव

इस दौरान संभावित माइनिंग कॉन्क्लेव की अनुवर्ती कार्यवाही के संबंध में औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, खनि पट्टाधारियों और उद्योगपतियों को जानकारी दी गई और माइनिंग कॉन्क्लेव के सफल आयोजन हेतु उद्योगपतियों से सुझााव भी प्राप्त किये गए।

### जिले में इतनी खदानें कार्यशील

बैठक में उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने बताया कि मुख्य खनिज की खनि रियायतों की जिले में स्वीकृति 201 खदानों में से 123 खदानें कार्यशील है। जिसमें मुख्य रूप से लाइम स्टोन, बाक्साइट, मैंगनीज, डोलोमाई, लेटराइट आदि शामिल है। इसके अलावा गौण खनिजों की जिले में स्वीकृत 165 खदानों में से 101 खदाने कार्यशील है। उद्योगपतियों ने अत्यधिक माइंस वाले क्षेत्रों में खराब सड़कों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया जिस पर कलेक्टर ने इन सभी स्थानों की प्राथमिकता के आधार पर सड़कों के जीर्णोद्धार व मरम्मत के निर्देश दिए।

कुछ औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों द्वारा फायर एनओसी प्रमाण पत्र के आवेदन नगर निगम द्वारा लंबित रखने की जानकारी दिये जाने पर कलेक्टर ने बैठक में मौजूद नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमानुसार फायर एनओसी का अस्थाई प्रमाण पत्र प्रदान किया जाय।

उद्योगपतियों ने जिले के अंदर होने वाले शासकीय निर्माण कार्यों में कटनी मार्बल का उपयोग बढ़ाने का सुझाव दिया। उन्होंने जिले के चूना उद्योग को प्रोत्साहित करने अमलई पेपर मिल, जबलपुर जिले की जिलेटिन फैक्ट्री, हिंडाल्को जैसे संस्थानों में कटनी के चूना की आपूर्ति कराने के संबंध में शासन स्तर पर पहल करने का सुझाव दिया।

इस दौरान बताया गया कि कटनी जिले की तहसील मुड़वारा के अंतर्गत ग्राम इमलिया में गोल्ड खनन के लिए नीलाम ब्लॉक द्वारा खदान स्वीकृत की गई है। जिसमें निकट भविष्य में गोल्ड उत्पादन प्रारंभ होगा। जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावना बढ़ेगी। इसी प्रकार स्लीमनाबाद के ग्राम सलारपुर में बेसमेटल कॉपर, लेड व जिंक के भंडार मिले हैं। जिनके नीलामी की प्रक्रिया प्रचलित है। बैठक में कटनी शहर की सीमा के अंतर्गत 22 बंद पड़ी खदानों को पर्यटन सुविधाओं की दृष्टि से विकसित करने का भी सुझाव प्राप्त हुआ।

बैठक में उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, उपायुक्त नगर निगम शैलेश गुप्ता, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सहायक प्रबंधक राजेश पटेल सहित औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे।



# साइकिल वितरण के साथ ही किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल खमरिया बागरी में साइकिल वितरण कार्यक्रम में विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा शिक्षा ही किसी भी राष्ट्र की उन्नति की नींव मानी जाती है, तब यह अत्यंत आवश्यक है कि हम न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाएं, बल्कि उन सभी सामाजिक और आर्थिक बाधाओं को भी दूर करें जो बच्चों, विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा में रुकावट बनती हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने छात्र छात्राओं के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना प्रारंभ की है , साइकिल वितरण योजना इसका उद्देश्य ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों की बालिकाओं को विद्यालय तक आने-जाने में सुविधा प्रदान कर उनकी शिक्षा को सुदृढ़ बनाना है।

विधायक मुख्य अतिथि में सिलौंडी क्षेत्र शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल खमरिया बागरी में आयोजित कार्यक्रम में 14 छात्र छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। और एक पेड़ के नाम पर सभी जन प्रतिनिधियों के साथ विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ,मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी,जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय,जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे जी एक एक पेड़ लगाया । मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने बताया कि हम सभी पेड़ अपने अपने घर ,खेत में एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए और उसकी सुरक्षा भी करना अति आवश्यक है ।जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय कि बच्चों को नियमित रूप से 5 से 6 घंटे सिर्फ अध्ययन करना चाहिए।

## छोटा कछारगांव में जिम्मेदारों की लापरवाही से ग्रामीणों की बढ़ी मुसीबत

# पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क को ऐसे ही छोड़ा, बारिश में बनी दलदल

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



ग्रामीण इलाकों में विकास कार्यों के तहत विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जाता है, जिनमें से एक प्रमुख योजना है जल जीवन मिशन, जिसके अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण घर तक नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के अंतर्गत कार्य करने वाले विभागों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (PHE) विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। किंतु कई बार कार्य की गुणवत्ता, कार्यान्वयन की प्रक्रिया और उसकी निगरानी में लापरवाही के कारण ग्रामीणों को लाभ की बजाय परेशानी उठानी पड़ती है।

ऐसा ही एक उदाहरण है ग्राम पंचायत छोटा कछारगांव, जहाँ पर पीएचई विभाग द्वारा पाइपलाइन बिछाने हेतु सड़कों की खुदाई तो कर दी गई, किंतु उनकी मरम्मत का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। ग्राम पंचायत छोटा कछारगांव एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ अधिकतर आबादी खेती-बाड़ी, पशुपालन तथा श्रम कार्यों पर निर्भर है। यहाँ की सड़कें ही ग्रामीण जीवन की धुरी हैं, जो गांव को मुख्य बाज़ारों, स्कूलों, अस्पतालों एवं अन्य संसाधनों से जोड़ती हैं। ग्रामीणों का दैनिक आवागमन, बच्चों का स्कूल जाना, मरीज़ों का अस्पताल जाना और खेतों तक पहुंच सब कुछ इन्हीं सड़कों पर निर्भर करता है। ऐसे में सड़कों की स्थिति का सीधा असर ग्रामीणों के जीवन पर पड़ता है।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव में नल जल योजना प्रारंभ की गई, तो ग्रामीणों में काफी उत्साह था। उन्हें विश्वास था कि अब उनके घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचेगा और जल संकट की समस्या से राहत मिलेगी। इस योजना के तहत पीएचई विभाग ने गाँव की सड़कों को खोदकर पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ किया। परंतु पाइपलाइन बिछा देने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई। यह लापरवाही अब ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है। जो सड़कें पहले समतल और चलने योग्य थीं, वे अब गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। कुछ स्थानों पर खुदी हुई सड़कें जलभराव का कारण बन चुकी हैं, जिससे कीचड़ हो गया है और पैदल चलना भी दूभर हो गया है।

## कारगिल विजय दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



शनिवार को शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में स्वामी विवेकानंद कैरियर प्रकोष्ठ द्वारा कारगिल विजय दिवस पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया इस संगोष्ठी में कारगिल युद्ध में सैनिकों के बलिदान साहस एवं पराक्रम की जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.लवकुश सिंह द्वारा दी गई ,इस अवसर पर महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल एवं समस्त स्टाफ व छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे, कार्यक्रम का सफल संचालन मनमोहन द्विवेदी एवं डॉ. शर्मिला गांग्ले द्वारा किया गया ।

# सलैया सिहोरा में निकली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही



जन अभियान परिषद व नवांकुर संस्था खितौली द्वारा ग्राम सलैया सिहोरा में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत के उप सरपंच महेंद्र सिंह का स्वागत तिलक बंदन सहित श्रीफल और पौधा भेंट करके किया गया ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नंदनी वाटिया के द्वारा एवं नवांकुर संस्था प्रमुख मनोज तिवारी के द्वारा उद्देश एवं प्रस्तावना को सभी के समक्ष प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि मुख्यमंत्री के आव्हान पर पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से पौधा रोपण अभियान में स्वैच्छता के आधार पर महिलाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नवांकुर योजना के अंतर्गत नवांकुर सखी हरियाली यात्राओं का आयोजन प्रत्येक सेक्टर में हरियाली अमावस्या 24 जुलाई से प्रारंभ 28 तक किया जाएगा।

विकासखंड बड़वारा के सेक्टर क्रमांक 3 खितौली के ग्राम सलैया सिहोरा नवांकुर संस्था खितौली के द्वारा यह कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में सभी उपस्थित नवांकुर सखियों को नवांकुर संस्था द्वारा स्वयं तैयार की गई नर्सरी से विभिन्न प्रजातियों के पौधे भेंट कर उन्हें अपने घर की बाड़ी या किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर रोपित कर पौधे को संरक्षित करने का आवाहन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित नवांकुर सखियों एवं ग्राम की महिलाओं ने नवांकुर सखी हरियाली यात्रा एवं कलश यात्रा के माध्यम से ग्राम का भ्रमण किया गया। जिसमें यात्रा के दौरान भारत माता के नारे भारत माता करे पुकार वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार पेड़ लगाओ जीवन बचाओ जैसे नारों के माध्यम से पौधा रोपण करने एवं उन्हें संरक्षित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक समन्वयक नंदनी वाटिया के द्वारा नवांकुर सखियों की निरंतर सहभागिता के लिए आव्हान किया।

## महापौर व निगमायुक्त की मौजूदगी में बैठक का हुआ आयोजन

# पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सहयोग प्रदान करने बैंक प्रतिनिधियों ने दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



अमृत क्रांति योजना के तहत नगर के वृक्षारोपण कार्य मे सहभागिता करते हुए सीएसआर मद से पर्यावण संरक्षण में सहयोग प्रदान करने हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे की मौजूदगी में नगर के विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद संजू जीवन चौधरी सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।

महापौर श्रीमती प्रीती संजीव सूरी ने बैठक में उपस्थित बैंक प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि पौधे का रोपण करना आसान है किन्तु उसके विकसित होने तक उसको सुरक्षित रख पाना कठिन कार्य है। जो बिना सुरक्षा संसाधनों के संभव नहीं हो पाता। बैंक प्रबंधन एवं नगर निगम के सामूहिक सहयोग से नगर के पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में कार्य कर हम नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के साथ ही नागरिकों एवं भावी पीढ़ी को एक अच्छा वातावरण प्रदान करने में सफल हो सकेंगे।

बैठक के दौरान निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा नगर के मुख्य मार्गों पीर बाबा से चाका तक निर्मित डिवाइडर एवं नगर के विभिन्न स्थलों में ट्री गार्ड अथवा रेलिंग लगाकर पौधों को संरक्षित करने की रूपरेखा की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। तथा पौधों को संरक्षित करने हेतु बैंक प्रतिनिधियों के समक्ष सी एस आर मद से ट्री गार्ड उपलब्ध करने में सहयोग प्रदान करने की बात रखी गई। जिसपर उपस्थित सभी बैंक प्रतिनिधियों द्वारा नगर विकास के इस कार्य की प्रसंशा करते हुए ट्री गार्ड उपलब्ध कराने में सहयोग दिए जाने की सहर्ष स्वीकृति दी गई। निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले वृक्षारोपण अभियान में बैंक प्रतिनिधियों को उपस्थित होकर पौधारोपण करने हेतु आमंत्रित कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया गया।

बैठक के दौरान इंडियन ओवरसीज बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुड़वारा ब्रांच, पंजाब नेशनल बैंक, एच डी एफ सी बैंक, आई सी आई सीआई बैंक के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## विकसित भारत 2047 के अंतर्गत स्कूल के आधारभूत आयामों पर हुआ मंथन

# अभ्यास नहीं कराने एवं ठीक से जांच नहीं कराने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और सीईओ जिला पंचायत कटनी शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में डाइट कटनी में विकसित भारत 2047 के अंतर्गत स्कूल के आधारभूत आयामों बुनियादी कौशल , परिणाम आधारित शिक्षा और गुणवत्ता पर गहन मंथन हुआ। गहन मंथन के पश्चात तीनों आयामों पर विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, बी आर सी व हेडमास्टर ने सुझाव दिए।

सामान्य रूप से देखा गया है कि जो छात्र पढ़ना लिखना जोड़ घटाना गुणा भाग जानते हैं वह आगे चलकर बेहतर सीखते हैं किंतु बुनियादी स्तर पर ही अवधारणाएं स्पष्ट नहीं होने पर गैप बड़े हो जाते हैं और बच्चे सीखना बंद कर देते हैं इसको ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश के स्कूलों में एफ एल एन पद्धति से अध्यापन कार्य किया जा रहा है किंतु यह पाया गया है कि प्रशिक्षण के अनुसार कक्षा में प्रक्रिया का क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है अतः एफएलएन को प्रभावी बनाने के लिए शिक्षण प्रक्रिया की मॉनिटरिंग प्रभावी रूप से करते हुए लागू करने की आवश्यकता है इसके लिए परिणाम मूलक मॉनिटरिंग आवश्यक होगी किंतु मॉनिटरिंग अमले द्वारा केवल एप पर मॉनिटरिंग करके फॉलो अप नहीं किया जा रहा है जिससे बच्चे प्रभावी ढंग से नहीं सीख रहे हैं इसे प्रभावी बनाने के लिए जन शिक्षकों को परिणाम मूलक मॉनिटरिंग करने हेतु प्रशिक्षित किया जाना अत्यंत आवश्यक है साथ ही शिक्षकों को उपरोक्त अनुसार कार्य न करने पर नियमानुसार कार्रवाई भी आवश्यक होगी। इसके लिए वीडियो कॉल मॉनिटरिंग की अवधारणा लाया जाना आवश्यक है इसमें किसी भी अधिकारी द्वारा स्कूल के शिक्षकों से वीडियो कॉल पर उनकी उपस्थिति, साथ ही सीखने सिखाने के तरीके पर संवाद किया जा सकता है एवं आवश्यक सुझाव दिए जा सकते हैं।

यह भी पाया गया है कि शिक्षक छात्रों को पर्याप्त अभ्यास नहीं करा रहे हैं और ना ही उनके द्वारा किए गए कार्यों की ठीक से जांच कर रहे हैं जिससे छात्रों की त्रुटियों में सुधार संभव नहीं हो रहा है अतः छात्रों की अभ्यास पुस्तिकाओं की ठीक से जांच नहीं करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही आवश्यक होगी।

यह भी पाया गया है कि की बुनियादी कौशलों पर अच्छा कार्य करने वाले शिक्षकों के कार्यों को अन्य शिक्षकों के साथ साझा करने के लिए कोई प्लेटफार्म नहीं है जिससे बच्चे शिक्षक आपस में नहीं सीख पा रहे हैं अतः बेस्ट प्रैक्टिसेज साझा करने हेतु एक प्लेटफार्म विकसित करना आवश्यक होगा। अच्छा कार्य करने वाले शिक्षकों को हर माह प्रेरित करने की आवश्यकता होगी।

गणित के बुनियादी कौशल जैसे घटाना एवं भाग में कई शिक्षकों के कॉन्सेप्ट भी क्लियर नहीं है अर्थात वह सही उत्तर तो निकाल लेते हैं किंतु अवधारणा के स्तर पर खुद समझना एवं बच्चों को समझने में सक्षम नहीं है अतः शिक्षकों को अवधारणा की ठीक समझ विकसित करने के लिए छोटे-छोटे पॉकेट में प्रशिक्षित किया जाना आवश्यक होगा! इसके लिए जन शिक्षकों को प्रशिक्षित करते हुए स्कूलों को ऑन द स्पॉट समर्थन देना होगा।

कक्षा में अधिकांश शिक्षकों द्वारा सामान्य रूप से बच्चों को कोर्स पूरा कर अगली कक्षा में ले जाने के अधिकतम प्रयास किए जाते हैं किंतु वह अक्सर इसमें चूक जाते हैं कि बच्चों ने निर्धारित लर्निंग आउटकम प्राप्त किए हैं या नहीं, अतः नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अपेक्षा के अनुरूप लर्निंग आउटकम बेस्ड शिक्षण एवं मॉनिटरिंग की नितांत आवश्यकता है !इसके लिए शिक्षक एवं जन शिक्षक को लर्निंग आउटकम बेस्ड प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक होगा ! साथ ही मॉनिटरिंग टीप में इस आशय का उल्लेख आवश्यक होगा कि शिक्षक सीखने के प्रतिफल के आधार पर शिक्षण कर रहे हैं अथवा नहीं?

### करियर पहली प्राथमिकता

पाठ्य पुस्तकों में विषय वस्तु का विवरण पूरा होने के साथ ही एक हिस्सा अलग से इस प्रकार बनाया जाना चाहिए जिसमें कि इस बात का स्पष्ट रूप से उल्लेख हो कि सीखी गई अवधारणा का छात्र-छात्राएं अपने जीवन में किस प्रकार उपयोग कर सकेंगे? स्कूलों में यह धारणाअत्यंत तीव्र गति से प्रसारित हुई है कि बच्चों को अपना करियर बनाना सबसे पहली प्राथमिकता है।

# 15 आरोपियों को तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा के अन्तर्गत बीट सैलारपुर में वर्ष 2016 में भितरीगढ़ तालाब नहर के पास सैलारपुर निवासी इन्दल सिंह गौड़ से लगभग 3 किलो पेंगोलीन (सालू) स्केल जप्त किए गये थे, जो आरोपी के पेंगोलीन का शिकार कर वन्यप्राणी के शरीर को उबालकर प्रथक किए गये थे। आरोपी इंदल सिंह की निशानदेही पर अपराध में लिप्त अन्य 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। जिसका परिवाद न्यायालय प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा के समक्ष पेश किया गया। इन आरोपियों द्वारा अंतर्राज्यीय स्तर पर अपराध को अंजाम दिया गया था, जिन्हें मध्य प्रदेश के कटनी, टीकमगढ़, पन्ना तथा उत्तर प्रदेश के झांसी जिले से गिरफ्तार किया गया।

प्रकरण में शासन द्वारा नियुक्त विशेष लोक अभियोजन मंजुला श्रीवास्तव एवं ए.डी.पी. ओ. विनोद पटेल द्वारा प्रकरण में पैरवी की गई, जिसमें 25 जुलाई को ढीमरखेड़ा न्यायालय के प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट पुर्वी तिवारी द्वारा समस्त 15 आरोपियों को 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 40 हजार से 10 हजार रूपये तक कुल 3 लाख 80 हजार रूपये के जुर्माने से दण्डित किया गया। प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट पुर्वी तिवारी द्वारा इंदल वल्द रामप्रसाद गौड़, रामसिंह वल्द सुरजबली सिंह, संतान वल्द तुलसी गौड़, सुरेन्द्र उर्फ मुण्डा वल्द रामसिंह गौड़, अजीत वल्द रेवा सिंह, दरयाल सिंह बल्द मंगी सिंह, राजू वल्द जुगराज सिंह, जयसिंह वल्द मुंशी सिंह, प्रताप वल्द शीतल गौड, मंतू वल्द अच्छेलाल गौड़, राजेन्द्र वल्द गुल्जार सिंह, गुमान वल्द धूप सिंह, मलखान वल्द मिलाप सिंह, राजेन्द्र कुचबंदिया वल्द गयादीन कुचबंदिया, शोभरन उर्फ बल्लू वल्द शीतल कुचबंदिया को कारावास तथा जुर्माने से दंडित किया ।

खबर संक्षेप

## जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने की सुधार की मांग

**बनवार।** जबेरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत जलहरी में 25 लाख की लागत से बन रहे सामुदायिक भवन में एस्टीमेट के अनुसार लोहा नहीं लगाया जा रहा और घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें 12 एमएम की जगह 10 एमएम की राड लगाई जा रही है एवं भवन की प्लनथ की ऊंचाई 4 से 5 फीट के बीच होना चाहिए लेकिन इसकी ऊंचाई को मात्र एक फुट रखा गया है। इस प्रकार ठेकेदार द्वारा बड़ी लापरवाही की जा रही है ऐसी लापरवाही के कारण ही समय से पहले भवन धरासायी हो जाते हैं और बडी जनहानि हो जाती है। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने मांग करते ही निर्माण कार्य में तुरंत सुधार करते हुए एस्टीमेट के अनुसार ही राड लगाई जाए प्लांथ की ऊंचाई बढ़ाई जाए सुधार नहीं होने पर ठेकेदार में दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

## 680.5 मिमी वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 680.5 मि.मी. अर्थात 26.7 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 272.4 मि.मी. अर्थात 10.7 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 408.1 मि.मी. अर्थात 16.0 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा जबेरा में 781.0 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक वर्षा दुबे ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 723.0 मि.मी., हटा 669.1 मि.मी., जबेरा में 781.0 मि.मी. पथरिया 773.0 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 589.8 मि.मी, बटियागढ़ 610.0 मि.मी. तथा पटेरा में 618.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। 1246.6 मि.मी. है।

### विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत की तीन दिवसीय हटा में बैठक

# मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करवाने के लिए कृत संकल्पित : पवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा






विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत की त्रिदिवसीय बैठक हटा प्रखंड में विगत शुक्रवार को शुभारंभ हुई जिसका समापन आज रविवार को होगा। बैठक के उद्घाटन सत्र में परम पूज्य संत हरिराम दास जी महाराज(बाला जी मंदिर हटा), पूज्य संत श्री श्यामदास जी महाराज(रामगोपाल जी मंदिर, हटा), विश्व हिंदू परिषद के अखिल भारतीय अधिकारी, केंद्रीय मंत्री(अखिल भारतीय सेवा प्रमुख एवं भोपाल क्षेत्र के पालक अधिकारी) माननीय अजेय जी पारिख, जीतेंद्र सिंह जी पवार(क्षेत्र संगठन मंत्री, भोपाल क्षेत्र), महाकौशल प्रांत के प्रांत अध्यक्ष माननीय श्री सुनील जी भागचंदानी, श्रीमती सीमा सिंह जी (प्रांत उपाध्यक्ष), श्रीमान जुगराजधर जी द्विवेदी(क्षेत्र विशेष संपर्क प्रमुख, भोपाल क्षेत्र), महाकौशल प्रांत के प्रांत मंत्री उमेश माधव जी मिश्र, जीतेंद्र जी बर्मा(प्रांत संगठन मंत्री), प्रदीप जी गुप्ता (प्रांत सह मंत्री), डॉ राजबहादुर जी जायसवाल (प्रांत सह मंत्री), श्रीमती शशि परतेते जी (प्रांत सह मंत्री), श्रीमती सुनीता जी गर्ग(क्षेत्र संयोजिका मातृशक्ति) सहित प्रांत के आयाम प्रमुख, सह प्रमुख, विभाग मंत्री एवं विभिन्न जिलों से जिलों के अध्यक्ष, मंत्री, सह मंत्री उपस्थित हैं। महाकौशल प्रांत के प्रांत सह मंत्री प्रदीप गुप्ता जी ने केंद्रीय बैठक में पारित प्रस्तावों का वाचन किया।

उद्घाटन सत्र में विषय रखते हुए भोपाल क्षेत्र के संगठन मंत्री श्री जीतेंद्र जी पवार ने जलगांव महाराष्ट्र में सम्पन्न अखिल भारतीय बैठक में आए विषयों से अवगत करवाया। मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करवाने के संकल्प को दोहराया। धर्म रक्षक सम्मेलन, बाल संस्कार केंद्र, जनजातीय दिवस, सेवा कार्य आदि को प्रभावी रूप से करने की बात कही। विहिप के स्थापना दिवस अधिकतम स्थानों पर करवाने पर बल दिया एवं संघ के कार्यक्रमों में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने की बात कही। पवार जी ने आगे संबोधित करते हुए कहा कि संगठित एवं सशक्त हिंदू ही समाज विखंडन के षडयंत्रो का एकमेव समाधान, समाज की एकजुटता है। बैठक में विश्व समन्वय के कार्य को और अधिक सार्थक, प्रभावी रूप से करने की बात कही गई।

ध्येय रक्षा, मातृशक्ति (महिला सुरक्षा), गौ रक्षा के लिए कृत संकल्पित हैं। सहमति/ असहमति के भाव को, सहजता से प्रकट करना, छपाक से दूर रहना, दायित्व परिवर्तन एक सहज प्रक्रिया, इसे सहज भाव से एवं महात्वपूर्ण समझना चाहिए।

बैठक के दौरान परम पूज्य संत श्री रामानुजाचार्य ने कहा कि सनातन धर्म पर होने वाले आक्रमणों से हमें डरने की आवश्यकता नहीं है। गौ, ब्राम्हण, मंदिर आदि आस्था का केंद्र। विश्व हिंदू परिषद धर्म रक्षा, संस्कृति की रक्षा, मठ, मंदिरों की रक्षा में अपने को आहूत करती है। सभी कार्यकर्ता, समाज के बंधु मंदिरों में कम से कम एक बार जरूर जाएं, मंदिर में सप्ताह में एक बार जरूर परिवार सहित जाए। विश्व हिंदू परिषद की श्री गौशाला में सतत निर्माण जारी है।

विहिप के प्रांत मंत्री श्री उमेश जी ने गत छः महीनों के कार्यो का वृत्त निवेदन किया। आगामी कार्य योजना को सभी के समक्ष रखा जिसको सभी ने ॐ की ध्वनि के साथ पारित किया।

# सावन में राज्यमंत्री ने किये शिवलिंग निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत निज निवास नोहटा में 24 जुलाई 2025 अमावस्या से 28 जुलाई 2025 तक श्री श्री 1008 पंचमुखी लोधेश्वर महादेव जयंती समारोह के अवसर पर शिवलिंग निर्माण एवं श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा हैं। आज प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने तृतीय दिवस परिवार जनों के साथ शिवलिंग निर्माण किये उसके पश्चात विधि विधान से पूजन अर्चन किया। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा निवास पर पूज्य पिता जी के द्वारा पिछले वर्ष पंचमुखी लोधेश्वर महादेव जी की मूर्ति की स्थापना कराई गई थी, जो एक पीपल के पेड़ से निकले पांच तनों के ऊपर विराजमान हैं। एक वर्ष पूर्ण होने पर पूज्य पिताजी भाव सिंह लोधी के द्वारा जयंती मनाई जा रही हैं जिसमें आचार्य पं. उमाशंकर शास्त्री (श्रीधाम वृंदावन) के सानिध्य में चल रहे। ज्ञात हो कि 24 जुलाई 2025 से 28 जुलाई 2025 तक शिवलिंग निर्माण एवं श्री राम कथा का आयोजन निज निवास नोहटा में किया जा रहा है। शिवलिंग निर्माण प्रातः 08 से 03 बजे तक रामकथा 3:30 से 6:30 बजे तक श्री रामकथा प्रवचनकर्ता साध्वी मालती देवी (चित्रकूट) व्यवस्थापक संत श्री ओमप्रकाश दास जी (चित्रकूट धाम) संयोजक पूज्य पिता सम्मानीय भावसिंह लोधी हैं।

# कुर्मी समाज ने किया स्वागत



**हटा।** कुर्मी क्षत्रिय समाज की प्रदेश कार्यकारणी द्वारा चौधरी महेंद्र प्रताप सिंह को समाज का जिला अध्यक्ष मनोनीत होने एवं मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया को मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के भी अध्यक्ष नियुक्त होने पर आज हटा-पटेरा कुर्मी समाज के लोगों द्वारा माँ चंडी के दर्शन पश्चात पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत किया साथ ही अंधियारा बगीचा में भी राजबहादुर पटेल, राजेश पटेल, राजकिशोर लहरिया,श्यामसुंदर पटेल,आदित्य चौधरी,उदयभान पटेल, भरत पटेल, कन्हैया लाल पटेल, दिनेश पटेल, ब्रजेश पटेल, प्रताप पटेल, माधव पटेल,राजू लंबरदार,देवेंद्र पटेल पटवारी दुष्यंत पटेल, श्रीराम पटेल, सुरेंद्र पटेल,आदि दर्जनों लोगों ने पुष्पमाला पहनाकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया।

# कारगिल विजय दिवस पर कारगिल योद्धा का सम्मान



**हटा।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर श्री लखन लाल सेवा संस्थान द्वारा ग्राम पांजी मुक्ति धाम सेवा समिति 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस पर हटा निवासी कारगिल योद्धा शिक्षक पंडित अशोक कुमार बडगैयां का नवल किशोर मंदिर रतन बजरिया हटा में नगर की युवाओं द्वारा तिलक बंधन कर, पुष्प माला पहनाकर साल श्रीफल से सम्मान किया। संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र राय ने कारगिल विजय दिवस पर सभी को कारगिल योद्धा के बारे में विस्तार से अवगत कराया। सम्मान कार्यक्रम के दौरान कारगिल योद्धा अशोक बडगैया ने बताया कि कारगिल युद्ध भारत के सैन्य इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, साल 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच यह युद्ध हुआ था जिसमें वह कारगिल युद्ध के दौरान सिपाही के तौर पर युद्धभूमि में तैनात रहे थे। उन्होंने कारगिल युद्ध की जीवंत यादों को शब्दों में बयां करने की कोशिश की है। पूर्व सैनिक विपिन ने बताया कि युद्ध का माहौल कुछ ऐसा था कि दिन और रात का फर्क ही मिट गया था। भारत के जवान लगातार दिन-रात तोप और भारी हथियारों के साथ हमला कर रहे थे। उस वक्त लगातार सैनिक बिना नींद लिए लगातार युद्धभूमि में डटे रहे। उस वक्त कब सुबह से रात और रात से सुबह हो जाती थी, पता नहीं चलता था। यह अनुभव दिल को झकझोर देने वाला है। सम्मान समारोह में नवल किशोर मंदिर के पुजारी पंडित श्री राजू तिवारी, पंडित श्री गुड्डा तिवारी अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश सराफ, सुनील सोनी, रोहणी तंतुवाय मुक्तिधाम सेवा समिति से अशोक चंपी चौरसिया पुष्पेंद्र पांडे ,वीरेंद्र मोदी , संत नामदेव शिक्षा समिति से सुरेश नामदेव, रविंद्र सिंह राजपूत, संतोष बड़गैंया ,जग्गी सोनी आदि की उपस्थिति रही।

# बटियागढ़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**बटियागढ़ ।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज थाना परिसर में नशें से दूरी है जरुरी अभियान पर क्षेत्रीय लोगों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बटियागढ़ थाना इंचार्ज थाना प्रभारी शेष कुमार दुबे ने क्षेत्रीय लोगों से नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया और कहा कि नशा न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। हमें और अपने परिवार को नशें दूर रहने की सलाह दी। वहीं एस आई शेष कुमार दुबे ने एक महिला की सीएम हेल्पलाइन समस्या का समाधान भी किया। और शिकायत करने से पहले एक बार महिलाओं को थाना आकर थाना प्रभारी या कोई भी पुलिस कर्मी को अपनी समस्या जरुर बताना चाहिए। ताकि उसका शिकायत से पहले निराकरण हो सके। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद पटेल, राजेश चौरसिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित राजपूत, सेड़ारा सरपंच सहित महिलाओं, पुलिस कर्मी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# रंगीलो सावन आयो कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा हरियाली तीज पर पारम्परिक नृत्य, संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया । आयोजन में प्रोजेक्ट डायरेक्टर्स रिम्मी जुनेजा, पूजा, बबली, पिन्की और एकता जुनेजा थे । जिन्होंने अपनी रचनात्मकता और समर्पण से इस आयोजन को जीवंत बना दिया। श्रावण मास की मधुर फुहारों के बीच आयोजित हुआ। रंगीलो सावन आयो कार्यक्रम, जिसमें उत्साह, संस्कृति और समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि कुछ ने सोलो डांस की शानदार प्रस्तुति दी, तो कुछ ने अपने पार्टनर के साथ कपल डांस कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर प्रस्तुति में सावन की मस्ती, रंग और रचनात्मकता झलक रही थी। इस अवसर पर एक विशेष प्रस्तुति पार्वती-शंकर के रूप में देखने को मिली, जिसे पूजा सचदेव और बरखा ने बड़ी श्रद्धा और कलात्मकता के साथ मंचित किया। यह मनमोहक नृत्य दर्शकों के हृदय को छू गया और कार्यक्रम की प्रमुख आकर्षणों में शुमार हुआ। कार्यक्रम में एरिया ऑफिसर रोज़ी बग्गा ने श्रावण मास की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाइयाँ दीं। उन्होंने सांस्कृतिक समर्पण और समूह-भावना की सराहना की। अध्यक्षीय उद्बोधन में अध्यक्ष स्मृति खरे ने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों की एकता की सराहना करते हुए कहा जब हम सब मिलकर किसी आयोजन में भाग लेते हैं, तो वह केवल एक कार्यक्रम नहीं रह जाता, वह एक यादगार अनुभव बन जाता है। उन्होंने इस आयोजन को एक सामूहिक आनंद और सौहार्द का प्रतीक बताया। सावन की इस रंगीन शाम ने सभी के दिलों में उमंग भर दी और यह आयोजन सभी के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

# पीएमयूम शिक्षक संघ बना प्राथमिक शिक्षक संघ का अभिन्न हिस्सा

**दमोह।** प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांत संयोजक पवन खरे ने बताया कि पीएमयूएम शिक्षक संघ अब "अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ" का अभिन्न हिस्सा बन गया है, मध्यप्रदेश के शिक्षक समाज के लिए यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है कि प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ म.प्र. (पीएमयूएम शिक्षक संघ) को अब अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की आधिकारिक संबंधता प्राप्त हो गई है। यह संबंधता न केवल एक औपचारिक दस्तावेज़ है, बल्कि यह एक विश्वास की मुहर है उस सतत संघर्ष, सेवा और समर्पण की जो इस संघ ने शिक्षकों के हक और हितों के लिए दिखाई है। क्या है इसका महत्व? अब मध्यप्रदेश के शिक्षक साथी सीधे राष्ट्रीय मंच से जुड़ गए हैं। उनकी समस्याएँ, सुझाव और मांगें अब केवल प्रदेश तक सीमित नहीं रहेंगी उन्हें देशभर के शिक्षकों की आवाज़ के साथ रखा जाएगा। यह संबंधता, शिक्षक संगठन की साख, संवेदनशीलता, और सक्रिय भागीदारी को दर्शाती है। यह केवल हमारा नहीं, पूरे शिक्षक समाज का सम्मान है। अब हम और मजबूती से शिक्षकों की बात को राष्ट्रीय मंच तक पहुँचा सकेंगे। यह संबंधता आगे चलकर नीति निर्माण, वेतन आयोग, शिक्षक अधिकार, सेवा सुरक्षा, और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली हस्तक्षेप को और सशक्त बनाएगी। पीएमयूएम शिक्षक संघ अब राष्ट्रीय एकता की नई डोर से बंध चुका हैकृ शिक्षक समाज की मजबूती की ओर यह एक निर्णायक कदम है।

# हरियाली यात्रा एवं नवांकुर सखी कार्यक्रम का हुआ आयोजन, बांटे फलदार पौधे



**रनेह।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह की सहयोगी नवांकुर संस्था संत नामदेव शिक्षा समिति हटा द्वारा 'नवांकुर योजना' के अंतर्गत विकासखंड हटा के ग्राम रनेह में 'नवांकुर सखी एवं हरियाली यात्रा' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासियों, महिलाओं एवं ग्रामीण जन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम से हरियाली यात्रा एवं कलश यात्रा ग्राम पंचायत भवन से शुरू कर ग्राम के मुख्य मार्गो से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। यात्रा के पश्चात अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए। मंचासीन जनपद सदस्य प्रतिनिधि मोती लाल अहिरवार, जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सुशील नामदेव, विकास खंड समन्वयक पुष्पा सिंह, समाज सेवी जितेंद्र राय एवं उपस्थित जनों का पुष्प माला एवं तिलक लगाकर स्वागत कर पौधा भेंट किए। जिला समन्वयक ने नवांकुर सखी, हरियाली यात्रा की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा नवांकुर सखी कार्यक्रम में चिन्हित महिलाओं को 11-11 बीज रोपित पैकेट दिए गए है। जिस प्रकार हम भगवान को जल अर्पित करते हैं उसी प्रकार इन पौधों को भी जल देते रहे ताकि ये अच्छे पौधे के रूप में तैयार हो सके। पौधों को अपने घर, आंगन, बाड़े में 1 वर्ष तक संरक्षित करके रखना है और फिर विशेष दिवस जन्म दिन, पुण्यतिथि, वर्षगांठ पर रोपित करना है। नारीशक्ति को एकजुट करने और उनको सशक्त बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम वट वृक्ष,आंवला के पेड़ की पूजा करते है उसी प्रकार हमको अपनी प्रकृति को संवारने का कार्य करना है। साथ ही 3 बाते और मानने का संकल्प दोनों हाथ उठाकर लिया। पहला नशा से स्वयं और बच्चों को दूर रखना। दूसरा बच्चों को रोज स्कूल भेजना। तीसरा पर्यावरण संरक्षण करना।जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मोती लाल ने कहा कि हम सभी मिलकर प्रकृति को संवारने का संकल्प लेकर काम करे। नारी शक्ति का रूप होती उनके संरक्षण में परिवार पोषित होता हैं तो पर्यावरण को भी सहेज सकती है। विकासखंड समन्वयक श्रीमती पुष्पा सिंह जी ने कहा कि महिलाएं पर्यावरण संरक्षण के लिए एक होकर पौधा रोपण जरूर करे ग्राम को ₹नशा मुक्त एवं हरा-भरा₹ बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, ₹हम पेड़ों की देखभाल उसी तरह करें जैसे अपने बच्चों की करते हैं।₹ कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को बीज रोपित पौधे वितरित किए गए एवं नारी शक्ति द्वारा ग्राम पंचायत भवन में आम, आंवला, बेल के फलदार पौधो का रोपण किया गया। कार्यक्रम समापन में आभार नवांकुर संस्था संचालन सुरेश नामदेव ने किया। इस अवसर पर परामर्शदाता कृष्ण कांत लखेरा, अजीत विश्वकर्मा का विषेश सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन सुनील सेन ने किया। कार्यक्रम में ग्राम के गणमान्य नागरिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं महिला भजन मंडली की उपस्थिति रही।

# हरियाली यात्रा का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में जबेरा जनपद के आदर्श ग्राम कुसमी मानगढ़ में शनिवार को नवांकुर सखी योजना अंतर्गत एक प्रेरणादायक हरियाली यात्रा एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक समन्वयक श्रीमती वंदना जैन द्वारा की गई। जिन्होंने उपस्थित नवांकुर सखियों को वृक्षों के पर्यावरणीय, सामाजिक और स्वास्थ्यगत लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि पेड़-पौधे न केवल पर्यावरण की रक्षा करते हैं बल्कि हमारी अगली पीढ़ी के लिए स्वच्छ वायु और बेहतर जीवन का आधार भी हैं। इसके पश्चात सिंग्रामपुर मंडल अध्यक्ष मंदीप यादव ने महिलाओं की भूमिका की सराहना करते हुए वृक्षारोपण को सामाजिक जिम्मेदारी बताया। वही जय साईं शिक्षा एवं सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष सचेंद्र रजक ने सभी महिलाओं को मां के नाम एक पौधा लगाने हेतु प्रेरित किया और नर्सरी से पौधे वितरित किए। साथ ही अतिथियों द्वारा सभी नवांकुर सखियों को बीजरोपण थैलियों का वितरण किया गया। जिससे वे घर पर ही बीज अंकुरित कर सकें और एक हरित भविष्य का निर्माण कर सकें। इस दौरान उपस्थित प्रमुख महिलाओं में श्रीमती नेहा रजक, श्रीमती कौशल्या यादव, आशा बाई रजक, सीमा अहिरवाल, दशोदा ठाकुर, दीक्षा चौरसिया, पलक अग्रवाल, दीक्षा अहीरवाल, कंचन धनगर, आरती ठाकुर, सरस्वती ठाकुर, उमारानी सविता रजक, सपना रजक सहित अनेक नवांकुर सखी महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ब्लॉक समन्वयक श्रीमती वंदना जैन कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि ग्रामवासियों में पर्यावरण संरक्षण की भावना जागृत करना, महिलाओं को हरियाली अभियान से जोड़ना और ग्रामीण स्तर पर स्वच्छ एवं हरा-भरा वातावरण बनाना प्रमुख हैं।

# हरियाली यात्रा पर नवांकुर सखी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**दमोह।** म.प्र. जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में सेक्टर देवडोगरा की नवांकुर संस्था जय मां लक्ष्मी ग्रामोत्थान समिति ने ग्राम सतरिया में एक पेड़ मां के नाम के आधार पर हरियाली यात्रा के तहत नवांकुर सखी की कलश यात्रा निकालकर ग्राम पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें ग्राम की महिलाएं ग्रामवासी व युवा व अतिथिगण उपस्थित हुए कार्यक्रम में मां सरस्वती का और पौधो का पूजन कर नवांकुर सखियों को पौधे वितरण किये गये। जिसमें महिलाओं को बताया गया कि इन पौधो को लगाने के बाद इसका पालन पोषण भी करना है जिससे हमारे जीवन में पर्यावरण संरक्षण बना रहे। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाएं, आंगनवाड़ी की सभी कार्यकर्ता सहायका व स्व सहायता समूह की महिलाएं व मुख्य अतिथि अखिलेश पाठक उपसरपंच, विकासखंड समन्यवयक हरीश पान्डेय, नवांकुर अध्यक्ष मुलाम राय, मुन्ना अवधिया, भूपेन्द्र चौहान, व परामर्शदाता- मनीष मिश्रा, आभा दुबे, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष,सचिव,व सदस्य- शोभा पटैल, वृंदावन सिंह, वकील सिंह, राजेश अठ्या, चंद्रभान दहिया, हेमंत सेन, सुन्दर विश्वकर्मा सतरिया, आजीविका मिशन से नरेश प्रजापति, गोपाल राय, क्रांति विश्वकर्मा, व समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति रही। जिसमें विकासखंड समन्यवयक हरीश पान्डेय ने अपने उद्बोधन देकर नवांकुर सखियों को समझाया व सभी ने अपने-अपने उद्बोधन देकर पर्यावरण संरक्षण के बारे में समझाया।

## खबर संक्षेप

### आई.टी.आई. प्रवेश हेतु ओपन राउंड पंजीयन प्रारंभ

**दमोह।** जिले की समस्त शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आई.टी.आई.) में प्रवेश हेतु ओपन राउंड के लिए पंजीयन की प्रक्रिया 01 अगस्त 2025 तक जारी रहेगी। इस राउंड में राज्य के बाहर के आवेदक भी आवेदन कर सकेंगे। इस सबंध में प्राचार्य आईटी ने बताया पूर्व से पंजीकृत अभ्यर्थियों को भी यह अवसर दिया जा रहा है कि वे अपने आवेदन में त्रुटियों का सुधार कर सकें एवं नवीन विकल्प भराव (**Choice Filling**) की प्रक्रिया पूरी कर सकें। उन्होंने बताया सभी इच्छुक अभ्यर्थी समय-सीमा में **www.admission.iti.mp.gov.in** एवं **www.dsd.mp.gov.in** पोर्टल पर जाकर पंजीयन एवं विकल्प भराव की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

### बटियागढ़ में नवीन तहसील का लोकार्पण समारोह आज

**दमोह।** बटियागढ़ में आधुनिक सुविधा युक्त नवीन तहसील भवन का निर्माण किया गया हैं। नवीन भवन का लोकार्पण समारोह आज 27 जुलाई को दोपहर 12 बजे से नवीन तहसील भवन बटियागढ़ में मुख्य अतिथि प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, अध्यक्षता दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू कटारे एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष बटियागढ़ रामरानी कुशवाहा होगी।

### एसडीएम ने का किया निरीक्षण

**दमोह।** एसडीएम आर.एल.बागरी ने दमोह अनुभाग अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्र बालाकोट,आयुर्वेद औषधालय बालाकोट तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय तथा आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। एसडीएम श्री बागरी ने अपने निरीक्षण में सभी स्थानों पर व्यवस्थाएं ठीक पाई। वहाँ पदस्थ स्टाफ भी अच्छे से कार्य कर रहा है, उन्होने मेडीकल स्टाफ से कहा वर्तमान में बरसात का मौसम चल रहा है ऐसी स्थिति में बीमारियों के फैलने की संभावना अधिक रहती है, अतः लोगों के इलाज में लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने विद्यालय में छात्रों से भी चर्चा की छात्रों ने बताया कि समस्त शिक्षक स्टाफ़ समय पर आये है एवं पढ़ाई भी बेहतर ढंग से हो रही है।

### अधिकारियों ने कीटनाशक दुकानों का किया निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत राजस्व एवं कृषि विभाग के संयुक्त दल ने कीटनाशक दुकानों पर औचिक निरीक्षण किया। इस सबंध में उप संचालक कृषि जी.एल. अहिरवार ने बताया कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं कीटनाशी नियम 1971 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। संयुक्त दल में तहसीलदार दमोह रॉबिन जैन, सहायक संचालक कृषि एस. एल.कुर्मी, सहायक संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर.के. जैन द्वारा विकासखंड दमोह में स्थित कीटनाशक दुकानों का औचक निरीक्षण कर छापामार कार्यवाही की गई। इस दौरान अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने पर दो दुकानों यथा पटैल कृषि सेवा केंद्र राय चौराहा एवं भव्य किसान कृषि संरचना केंद्र हटा रोड दमोह को किया सील बंद किया गया।

## प्राथमिक शाला भवन में तीन बिल्डिंग में से तीनों क्षतिग्रस्त

# स्कूलों में बच्चों की जिंदगी खतरे में, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान






हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहपुर

बटियागढ़ ब्लॉक अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत फतेहपुर में प्राथमिक शाला भवन में तीन बिल्डिंग है जिनमें से तीनो ही क्षतिग्रस्त है। इनमें एक बिल्डिंग में 2-3 क्लास लगाई जाती हैं। बिल्डिंग की छत का प्लास्टर नीचे से पूरा गिर चुका है, सरिया दिखने लगे हैं जिससे हादसे का डर बना रहता है। एक तरफ कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर जी के आदेश थे कि जो भी पुरानी बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हैं उनकी मरम्मत कराई जाए ताकि हादसे का कोई भी डर ना रहे लेकिन दूसरी तरफ जहां देखों वहां बच्चों की जिंदगी और भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। शिक्षा विभाग के अधिकारी भी कलेक्टर साहब के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे है। प्राथमिक शाला फतेहपुर में पदस्त प्रधान अध्यापक आरिफ खान का कहना है की हम कई बार अधिकारियों को सूचना दे चुके हैं और आवेदन प्रतिवेदन भी दे चुके हैं लेकिन शाला में कोई भी अधिकारी देखने नहीं आया है कि यहां की बिल्डिंग ठीक है या क्षतिग्रस्त हैं। ना ही इस और शासन प्रशासन ध्यान दे रहा है। शाला में बनी तीनों बिल्डिंग में से पानी टपकता है और हमें विवश होकर बच्चों की छुट्टी करनी पड़ती है। जिससे बच्चों का भविष्य बिगड़ रहा है।

### कक्षाओं का संचालन सुरक्षित कक्षों में हो

**दमोह।** गत दिवस झालावाड़ (राजस्थान) में अतिवृष्टि के कारण विद्यालय भवन के गिरने की गंभीर घटना संज्ञान में आई हैं। इस सबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी समस्त, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक समस्त, प्राचार्य/प्रधानाध्यापक, शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक/हाई/हायर सेकेण्डरी विद्यालय समस्त से कहा विद्यालय के भवन का तत्काल अवलोकन किया जाये, यदि कोई शिक्षण कक्ष अथवा भवन ऐसा है, जिसमें कोई दुर्घटना होने की संभावना हैं तो उसमें किसी भी स्थिति में कक्षाओं का संचालन न किया जाये। उन्होंने कहा इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कक्षाओं का संचालन पक्के एवं सुरक्षित कक्षों में किया जाये। यदि शाला में पर्याप्त पक्के कक्ष उपलब्ध नहीं हैं, तो ग्राम में स्थित किसी अन्य शासकीय भवन में कक्षाओं का संचालन किया जाये। उपरोक्त स्थिति की सूचना तत्काल विकासखण्ड के बी.ई.ओ./ बी. आर. सी.सी. को दी जाये ताकि बी.ई.ओ./ बी. आर. सी. सी. द्वारा अपने विकासखण्ड के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को स्थिति से अवगत कराया जाये।

# गैसाबाद जनपद सदस्य उपचुनाव में निशा कुर्मी ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

हटा जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद जनपद सदस्य उपचुनाव का परिणाम हुआ घोषित ग्राम गैसाबाद निवासी निशा पति देवेंद्र कुर्मी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी वीरेंद्र उपाध्याय बलैह को 434 मतों से पराजित कर एक बड़ी जीत हासिल की है। निशा कुर्मी को 1275 वहीं वीरेंद्र उपाध्याय को 841 मत प्राप्त हुए, वहीं अन्य प्रत्याशीयों में दीनदयाल को 512 संतोष पटेल को 478 कृपाल अहिरवार को 235 एवं नोटा को 41 मत प्राप्त होने की जानकारी प्राप्त हुई है। इस चुनाव में पहले से ही स्थानीयता को महत्व दिए जाने के कयास लगाएं जा रहे थे, इसके पूर्व के अधिकांश चुनाव में ग्राम गैसाबाद के मतदाताओं ने अपने ही ग्राम के स्थानीय उम्मीदवारो को प्राथमिकता दी है, जिसमें सन 1994 में मध्य प्रदेश मे प्रारंभ हुये। जनपद सदस्य के प्रथम चुनाव में गैसाबाद जनपद सदस्य के रूप में ग्राम के मालगुजार परिवार के सदस्य स्वर्गीय राजगोपाल श्रीवास्तव को चुनकर इतिहास बनाया था। उस समय वह चुनाव जिले में बहुचर्चित था। इसके बाद ग्राम के ही सियारानी शिखर चंद जैन एवं कडोरी विश्वकर्मा को ग्राम वासियों ने अपना समर्थन देकर जनपद सदस्य बनाया था।आज एक बार फिर ग्राम वासियों ने स्थानीय उम्मीदवार गांव की बहू निशा कुर्मी को अपना समर्थन देकर स्थानीयता को महत्व दिया है जिसका लाभ चुनाव में निशा कुर्मी को प्राप्त हुआ है। नवनिर्वाचित जनपद सदस्य श्रीमती निशा कुर्मी ने हरिभूमि को बताया कि मेरी पहली प्राथमिकता क्षेत्र का विकास कराने की होगी।





## डॉक्टर कुसमरिया के सम्मान में आयोजित हुआ स्वागत कार्यक्रम



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी दमोह जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया को पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का अध्यक्ष (अतिरिक्त प्रभार) बनाये जाने पर स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला महामंत्री गोपाल पटेल, जिला उपाध्यक्ष चंद्रभान पटेल, वरिष्ठ नेता बहादुर पटेल, दमयंती नगर मंडल अध्यक्ष रमाकांत बाजपेई, दीनदयाल नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, प्रभु प्रणामी सम्प्रदाय महंत नरेंद्र चौकार्य मंचासीन रहें। जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि दमोह संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं मध्य प्रदेश शासन में पूर्व मंत्री डॉ रामकृष्ण कुसमरिया को जो दायित्व मिला है वह उनके निरंतर संगठन और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। दमोह के दुर्गम क्षेत्र में जहां नेता जाने से कतराते थे वहां डॉक्टर रामकृष्ण कुसमरिया ने भारतीय जनता पार्टी के लिए कार्य किया डॉ कुसमरिया हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है और यह यह भी प्रदर्शित करता है कि भारतीय जनता पार्टी सभी को उनके व्यक्तित्व के अनुसारदायित्व सौंपती हैं। डॉ रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा कि जो दायित्व मुझे दिया गया है वह अति महत्वपूर्ण है पिछड़ा वर्ग की आबादी सबसे अधिक है इसलिए मेरा दायित्व भी बहुत बड़ा और चुनौती पूर्ण है पिछड़ा वर्ग में अनेक जातियां सम्मिलित हैं सभी के अपनी अपनी आकांक्षाएं और अपेक्षाएं हैं। उन्हें पूर्ण करना एक चुनौती पूर्ण कार्य है। स्वागत कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज जिला मंत्री वर्षा रैकवार, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार, बृज गर्ग, जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र पटेल, भरत यादव,रिंकू गोस्वामी, मनीष सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा राज, राजावीर चौहान, महेश पटेल, देवकिनदंन पटेल, इंद्र कुमार चौरहा सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## हाथीघाट का मुख्य मार्ग बना कीचड़ का दलदल, स्कूली बच्चों से लेकर ग्रामीण तक हाल बेहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन

जिले के तेंदुखेडा की ग्राम पंचायत हरदुआ अंतर्गत आने वाला गांव हाथीघाट इन दिनों बदहाल सड़क व्यवस्था से जूझ रहा है। बरसात शुरू होते ही गांव का मुख्य मार्ग कीचड़ से लबालब हो गया है, जिससे ग्रामीणों सहित स्कूली बच्चों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कवि चंद्रभान सिंह लोधी ने बताया की आजादी के इतने साल बीत जाने के बाद भी इस गांव की सड़क नहीं बन पा रही है। बच्चे यंहा से स्कूल आते जाते हैं लेकिन सड़क खराब होने के कारण स्कूल भी नहीं जा पाते हैं। इसी ख़राब सड़क पर आज हम लोगों ने फसल बोकर शासन को बताना चाहते हैं कि इस सड़क से हम निकल नहीं सकते तो कम से कम फसल ही होगा सकते हैं ने बताया कि यह सड़क गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ती है और स्कूल, बाजार आदि तक पहुँचने का यही एकमात्र रास्ता है। कीचड़ और फिसलन के कारण छोटे बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है। वहीं, बुजुर्ग और महिलाएं भी रोजमर्रा के कामों के लिए घर से निकलने में डर महसूस कर रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि यह स्थिति कई दिनों से बनी हुई है, लेकिन संबंधित पंचायत और तहसील प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन कोई भी जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचा।

### क्या कहता है जनमानसः

ग्रामीणों का आरोप है कि चुनावों के समय नेताओं द्वारा पक्की सड़क बनाने के बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन आज स्थिति यह है कि बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं और वाहन चालक फिसलन से जान जोखिम में डाल रहे हैं। अब देखना होगा कि जिम्मेदार कब जागते हैं और गांव हाथीघाट की सड़कें कब दलदल से राहत पाती हैं। प्रदर्शन में मुख्यरूप से कवि चन्द्रभान सिंह लोधी, भूपेंद्र सिंह लोधी, धन सिंह आदिवासी, रम्मू सिंह सहित महिलाओं एवं युवा शामिल रहे।

## जन स्वास्थ्य रक्षकों ने मंत्री पटेल को ज्ञापन सौंपा



**दमोह**-जन स्वास्थ्य रक्षकों को स्वास्थ्य विभाग में सदुपयोग के सम्बन्ध में मप्र के पशुपालन डेयरी विभाग के मंत्री लखन पटेल को जिलें के जनस्वास्थ्य रक्षकों ने ज्ञापन सौपा जिसमें लिखा है कि प्रदेश के ग्रामीण अंचलों के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को शासकीय सेवा से जोड़ने के लिए प्रदेश में शिक्षाकर्मी, पंचायतकर्मी, जनस्वास्थ्य रक्षक नामक योजना शुरु की गई थी। पंचायतकर्मियों व शिक्षाकर्मियों को तो उनके मूल विभागों में नियमित सेवा का अवसर मिल गया परन्तु संचालनालय स्वास्थ्य सेवा मध्यप्रदेश शासन के द्वारा शासकीय भर्ती नियमों को पूरा करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त जन स्वास्थ्य रक्षक आज भी स्वास्थ्य विभाग में सेवा सहभागिता से वंचित हैं। यदि आंगनवाड़ी सह ग्राम आरोग्य केन्द्रों पर जन स्वास्थ्य रक्षकों को स्वास्थ्य मित्र के रूप में सेवा सहभागिता का अवसर दिया जाता है तो महिला एवं पुरुषों को एक समान प्रशिक्षित हाथों से प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने वाला हमारा मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन सकता है। इसके लिए श्रीमानजी से निवेदन है कि जन स्वास्थ्य रक्षकों की निम्नांकित मांगों को पूरा करने की कृपा करें। 4 मार्च 2008 को गठित आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं मध्यप्रदेश की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक के लिए लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण म.प्र. के पत्र क्र. 4937 दिनांक 16-11-2022 के अनुसार समिति की बैठक शीघ्र आयोजित हो सके, ऐसा निर्देश प्रदान करने की कृपा करें, जन स्वास्थ्य रक्षकों के लिये जारी किये गये पूर्व आदेशों को धरातल पर लागू किया जावे।

### सांसद ने वीडियो कॉल के माध्यम से होनहार क्रिकेट प्लेयर क्रांति गौड़ को दी शुभकामनाएं



**दमोह।** सांयकाल दिल्ली आवास पर दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने वीडियो कॉल के माध्यम से दमोह_संसदीय_क्षेत्र की बड़ामलहरा विधानसभा अंतर्गत घुवारा की होनहार बेटी कु. क्रांति गौंड़ से बात कर बधाई दी। मुझे यह बताते हुए आपको प्रसन्नता हो रही है कि बेटी क्रांति गौंड़ भारतीय महिला क्रिकेट टीम में प्लेइंग इलेवन टीम में और विगत दिवस इंग्लैंड के खिलाफ 6 विकेट लेकर भारत की शानदार जीत की सूत्रधार बनी थी। सांसद राहुल सिंह लोधी ने उनकी इस उपलब्धि से समुचा बड़ामलहरा और बुन्देलखण्ड गौरवान्वित है।

## पुलिस ने जिले में विभिन्न स्थानों पर पर चलाया नशे से दूरी है जरूरी जागरूकता कार्यक्रम

**दमोह।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे प्रदेश व्यापी अभियान नशे से दूरी, है जरूरी अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों पर अभियान विषय संबंधी निबंध प्रतियोगिता, जन संवाद, लघु चलचित्र प्रदर्शन पुलिस छात्र संवाद, हस्ताक्षर एवं शपथ का आयोजन किया गया है। पुलिस ले कस्बा हिंडोरिया में जागरूकता रैली, 2. ग्राम मडियादो/मदनटोरी में शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान, साप्ताहिक हाट बाजार समनापुर में जागरूकता शिविर एवं हस्ताक्षर अभियान, ग्राम पंचायत भवन कुम्हारी में जन संवाद, कस्तूरबा गांधी शासकीय महिला छात्रावास पथरिया में नशे के दुष्प्रभाव से संबंधित चलचित्र प्रदर्शन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, तीन गुल्ली चौराहा दमोह में जागरूकता स्टॉल एवं हस्ताक्षर अभियान, शासकीय विद्यालय रनेह में छात्र पुलिस संवाद एवं हस्ताक्षर अभियान, बस स्टैंड नोहटा में जागरूकता रैली, शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रमों में एएसपी सुजीत सिंह भदौरिया,एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी,निरी अमित मिश्रा, उनि चंदन निरंजन, उनि शिवांगी गर्ग,सउनि नागेन्द्र सिंह, सउनि माधव राय सउनि इमरत सिंह , प्रआ अजय ,आ राममनोहर,प्रआ लखन लाल, प्रआ विपिन, प्रआ नर्मदा, प्रआ तुलसीराम, प्रआ प्रवीण , प्र आ प्रदीप, प्र आ श्रीराम, प्र आ जितेंद्र, प्र आ दीपक,आ श्रीराम।

# लघु रुद्रात्मक रुद्राभिषेक के साथ कर रहे पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



श्री देव जागेश्वर नाथ जी बांदकपुर मंदिर में श्रावण मास में ग्यारह दिवसीय लघु रुद्रात्मक रुद्राभिषेक विश्वकल्याणार्थ प्रारंभ हुआ है वैदिक रुद्रपाठ पूजन आरती और प्रसाद के साथ साथ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण गोवर्धन पर्वत धेनुवन मैं किया जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक पंडित श्रीराम कृपाल पाठक जी के मार्गदर्शन में संपूर्ण रुद्राभिषेक का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि यजमान के रूप में आज मंदिर ट्रस्ट के पंकज हर्ष श्रीवास्तव अनुराग श्रीवास्तव रहे विधिवत पंचामृत स्नान के साथ विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा रुद्राष्टाध्यायी का पाठ करके भगवान श्री जागेश्वर नाथ जी का दिव्य भव्य रुद्राभिषेक कराया गया। मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक जी ने नर्मदेश्वर शिवलिंग के पूजन एवं घर में स्थापना के महत्व को बताया उन्होंने बताया कि नर्मदे शिवलिंग की पूजा करना बहुत ही लाभकारी एवं सुखप्रद होता है। नर्मदेश्वर शिवलिंग नर्मदा नदी से प्राप्त होने वाले प्राकृतिक रूप से निर्मित शिवलिंग हैं जिन्हें भगवान शिव का प्रतीक माना जाता है। इनकी उत्पत्ति की कथा नर्मदा नदी के उद्गम से जुड़ी है भगवान शिव की जटाओं से पसीने की बूंदों से नर्मदा नदी का निर्माण हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार ये शिवलिंग प्राकृतिक रूप से निर्मित होने के कारण बहुत पवित्र माने जाते हैं और इनकी पूजा से भक्तों को कई लाभ मिलते हैं। एक बार भगवान शिव गहन तपस्या में लीन थे तपस्या के दौरान उनके शरीर से पसीना निकलने लगा यह पसीना नर्मदा नदी के रूप में बह निकला और इस नदी के तट पर पाए जाने वाले पत्थरों को नर्मदेश्वर शिवलिंग माना जाता है। कुछ कथाओं में कहा जाता है कि भगवान शिव ने स्वयं इन पत्थरों को नर्मदेश्वर शिवलिंग के रूप में प्रतिष्ठित किया स्कंद पुराण जैसे ग्रंथों में भी नर्मदा नदी और भगवान शिव के इस संबंध का उल्लेख मिलता है। नर्मदेश्वर शिवलिंग प्राकृतिक रूप से निर्मित होते हैं इसलिए इन्हें बहुत पवित्र माना जाता है इन्हें भगवान शिव का साक्षात रूप माना जाता है और इनकी पूजा से भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है। नर्मदेश्वर शिवलिंग में आध्यात्मिक शक्ति होती है इनकी पूजा से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मकता का संचार होता है नर्मदेश्वर शिवलिंग की पूजा से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। शिवलिंग की पूजा से घर और परिवार को सुरक्षा और समृद्धि मिलती है नर्मदेश्वर शिवलिंग की पूजा से मोक्ष की प्राप्ति होती है शिवलिंग को स्नान कराकर चंदन अक्षत फूल बेलपत्र आदि अर्पित किए जाते हैं।

## दयोदय पशु सेवा केंद्र में हुआ वृहद वृक्षारोपण



**तेन्दूखेड़ा।** तेन्दूखेड़ा में जब भी संतो का आगमन होता है,उनका पावन आशीष तेन्दूखेड़ा की व्यवस्थाओं से सुसज्जित आचार्य श्री दयोदय पशु सेवा केंद्र को मिलता रहा है।ऐसा ही पावन अवसर आया,जब धर्मनगरी तेन्दूखेड़ा में श्री तारण तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय में वर्षावास कर रहे इतिहास रत्नाकर पूज्य बाल ब्रम्ह. बसंत जी महाराज के सानिध्य में गौशाला के अध्यक्ष संजय जैन के आग्रह पर पहुँचकर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में पहुँचकर गौशाला का भ्रमण किया। इस अवसर पर बाल ब्रम्ह.अर्चना दीदी फुटेरा एवं बाल ब्रम्ह.सरिता दीदी अमरवाड़ा ने भी गौशाला के प्रकल्पों के बारे में जानकारी ली,साथ गुरैया से पधारे पंडित.धनकुमार जी ने भी अपना मार्गदर्शन दिया। जिसमे तारण दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष ठेकेदार संजय जैन सहित समाज के पदाधिकारी ,माताएं,बहिनें एवं तारण तरण युवा परिषद के युवाओं ने मिलकर भी वृक्षारोपण किया।साथ ही तेजगढ़, दिनारी एवं छिन्दवाड़ा जिले के अमरवाड़ा सहित विभिन्न जिलों से पधारे गुरुभक्तों ने भी बड़ी संख्या में सम्मिलित रहे। इस अवसर पर महाराज श्री ने गौशाला के अध्यक्ष संजय जैन को इस सेवा प्रकल्प के रूप में सतत सेवाभाव के लिये मंगल आशीष प्रदान किया और उपस्थित सभी गुरुभक्तों से गौशाला में गौ वंश को समय-समय पर सेवाभाव रूप से सहयोग देने को कहा। आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र में गौशाला के साथ पशु चिकित्सा सेवा केंद्र भी संचालित है,जिसमे गौ वंश के उपचार,एक्सरे सहित उपलब्ध तमाम सुविधाओ के बारे में भी गौशाला अध्यक्ष ने महाराज श्री को अवगत कराया।